हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

04 मंडी परिषद सहित 200 जर्जर सड़कों का हो...



07 साहब ! रोज ही हेलमेट लगाता हूं, बस आज ही जल्दबाजी...






## खबर संक्षेप

### डॉक्टर सर हरीसिंह गौर की पुण्यतिथि के अवसर पर भजन कार्यक्रम आज

**सागर।** महान शिक्षाविद्, प्रख्यात विधिवेत्ता, संविधान सभा के सदस्य एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक दानवीर डॉक्टर सर हरीसिंह गौर की पुण्यतिथि के अवसर पर 25 दिसम्बर दिन गुरूवार को सुबह 9.00 बजे, गौर प्रांगण स्थित समाधि स्थल पर भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर सहित समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहेंगे।

### जिले में सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों की नियुक्ति

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के तहत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13-बी के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सागर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के लिए सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के विभिन्न विधानसभा बीना, खुरई, सुरखी, देवरी, रहली, नरयावली, सागर एवं बंडा में संबंधित नायब तहसीलदार एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के रूप में नामांकित किया गया है। ये अधिकारी संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी को सहयोग प्रदान करेंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामांकित अधिकारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के कार्यों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

### युवा शक्ति संगठन का प्रथम अधिवेशन आज

**सागर।** युवाओं का युवाओं के लिए महत्वपूर्ण संगठन युवा शक्ति संगठन का प्रथम अधिवेशन गुरूवार को पदमाकर सभागार मोतीनगर में दोपहर 12.00 बजे से आयोजित किया जा रहा है जिसमें जिले भर के युवा सामिल हो रहे हैं। आयोजन के मुख्य अतिथि केन्द्रीय डाक्टर हरिसिंह गौर विश्वविघालय के कुलपति प्रो डा वायएस ठाकुर, खाघ एवं नागरिक एवं आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सुयंक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें डॉक्टर ज्योति चौहान सहित प्रसिद्ध कृषक वैज्ञानिक आकाश चौरसिया, रोटरी के डिप्टी गवर्नर मुकेश साहू इस अवसर पर युवाषक्ति संगठन को मार्गदशन देने के लिए विशेष रूप से उपस्थित होंगे।

### अनुशासनहीनता एवं लापरवाही पर प्रभारी प्राचार्य निलंबित

**सागर।** संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी के आदेशानुसार शासकीय उ.मा.वि. छिरारी, जिला सागर की प्रभारी प्राचार्य सुश्री अनीता कोरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग सागर द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा दिनांक 18-07-2025 को प्रातः 10.40 बजे शासकीय उ.मा.वि. छिरारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था. निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, जिसके फलस्वरूप सुश्री अनीता कोरी प्रभारी प्राचार्य शासकीय उ.मा.वि. छिरारी जिला सागर को कारण बताओ नोटिस जारी कर प्रतिवाद चाहा गया, सुश्री कोरी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवाद दिनांक 22-07-2025 परीक्षणोपरांत संतोषप्रद नही पाया गया, जिससे अनुपस्थित शिक्षकों का अनुपस्थिति दिनांक का वेतन काटे जाने के निर्देश जारी किये गये थे। विगत वर्ष 2024-25 में संस्था का कक्षा 10 वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम कमशः 30 एवं 28 प्रतिशत था।

**सागर संभाग में मत्स्य पालन की गतिविधियों को बढाएं, संभागायुक्त ने दिए अधिकारियों को सख्त निर्देश**

# पशु उपचार एवं टीकाकरण का शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें: कमिश्नर अनिल सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में पशु उपचार और पशु टीकाकरण कार्यक्रम का शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश पशुपालन एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि शासन द्वारा किसानों एवं पशुपालकों के लिए अतिरिक्त आय उपार्जन के लिए आचार्य विद्यासागर योजना, चराचरी योजना, डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना, नंदी शाला योजना, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना एवं अन्य योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इन सभी योजनाओं के समुचित प्रकरण तैयार कर बैंकों को प्रेषित करें तथा बैंकों से संपर्क स्थापित कर इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाना सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने कहा कि पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पशुपालकों और किसानों को दिलाना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने उक्त निर्देश मंगलवार को पशु चिकित्सा विभाग, मत्स्य विभाग एवं उद्यानिकी विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में मत्स्य पालन की गतिविधियों को बढाएं तथा मछुआ पालन की गतिविधियों से लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराएं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का सागर संभाग में प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित होना चाहिए। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने सागर संभाग में मत्स्य बीज उत्पादन में लक्ष्य के विरुद्ध अपेक्षित कार्य नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा अधिकारियों को ताकित किया कि वे मत्स्य बीज उत्पादन सहित मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का भी शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक मत्स्य पालन विभाग को निर्देश दिए कि वे मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में सागर एवं निवाड़ी जिले में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित कार्य नहीं हुआ है। कमिश्नर ने कहा कि उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि सागर संभाग के सभी जिलों में उद्यानिकी विभाग की गतिविधियां बढ़नी चाहिए। किसानों को उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर ने उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित मसाला क्षेत्र विस्तार योजना, संरक्षित खेती योजना, बागवानी यंत्रीकरण योजना, नवीन बगीचों की स्थापना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की।




## साईकिल वितरण, पौधरोपण एवं वार्षिक शालेय पत्रिका उत्कर्ष का हुआ विमोचन

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के नदी पार स्थित सांदीपनि शास. साबूलाल उ. मा. वि.में साईकिल वितरण,वृक्षारोपण एवं वार्षिक शालेय पत्रिका उत्कर्ष के विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पं. गोपाल भार्गव कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही श्री भार्गव द्वारा कहा गया कि शिक्षक अपने कर्तव्यो का पालन करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा दे विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को हर संभव मदद के लिए मैं हूं। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण सरकार की एक सराहनीय और दूरदर्शी योजना है इसलिए बच्चों की आवागमन की सुविधा को ओर अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साईकिलों का वितरण किया गया एवं प्रकृति संरक्षण के सार्थक उद्देश्य,संकल्प के साथ वृक्षारोपण एवं पत्रिका विमोचन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम पश्चात सी.एम.राइज (संदीपनी)स्कूल गढाकोटा का निर्माणाधीन कार्य उच्च गुणवत्ता युक्त हो इस हेतु गोपाल भार्गव ने संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान श्री भार्गव द्वारा बताया गया कि गढाकोटा में नवनिर्मित होने वाले संदीपनी विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य का मैंने निरीक्षण किया जो प्रगति पर है और संतोषजनक है मैंने ठेकेदार से कहा है कि जहां तक संभव होगा जब रहस का मेला हमारे गढाकोटा का चलता हैं इसी दौरान जब मुख्यमंत्री जी गढाकोटा आएंगे तो मुख्यमंत्री जी के द्वारा इस विद्यालय का लोकार्पण करवाएंगे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी स्वाती दुबे,नपा उपाध्यक्ष फूलवती यादव, पुरुषोत्तम यादव, संतोष पटेल, दिनेश लहरिया, बसंत यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक पी.एल पटेल, आर.आर रावत पार्षदगण, विद्यालयों के प्राचार्य एस.एस ठाकुर, जे.के खरे कार्यालय प्रभारी, शौम्या रावत संकलन कर्ता, हरगोविंद साहू,रामगोपाल चौधरी ठेकेदार,शिक्षक एवं नगर के अन्य गणमान्य बंधुओं की उपस्थिति रही।



## रुद्राक्ष धाम में श्री रामकथा एवं प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन की व्यवस्था के लिए बैठक संपन्न

**सागर।** धर्म, न्याय,नीति और सेवा के मार्ग पर हम सभी चल सकें। जीवन में क्या करें क्या नहीं करें ऐसा पथ प्रदर्शन हमें कथाओं के माध्यम से साधु-संत जन बताते हैं। रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में 31जनवरी से 6 फरवरी श्री राम कथा एवं श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अधिकतम श्रद्धालु पुण्य लाभ ले सकें इसके लिए सभी परिवारों को व्यक्तिगत रूप से पहुंच कर आमंत्रण पत्रिका देकर आमंत्रित करना है। यह संदेश पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने नरयावली विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख जनों की बैठक में उपस्थित जनों को दिया है। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि रुद्राक्ष धाम में श्री रामकथा के प्रकांड विद्वान पं प्रेमभूषण जी महाराज की कथा के साथ प्रतिदिन विभिन्न आयोजनों की श्रृंखला होगी। इसमें 1 फरवरी को प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव तथा प्रतिदिन देश भर से साधु संत, विशिष्ट अतिथि, मंत्री एवं नेतागण और कलावंत पधार रहे हैं। इस आयोजन का पुण्य लाभ आनंदपूर्वक जिले के सभी परिवार ले सकें इस योग्य समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि आयोजन की आमंत्रण पत्रिका व सूचना सामग्री व्यवस्थित रूप से वितरण हेतु सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख जनों की बैठकें की जा रही हैं। आज नरयावली क्षेत्र की बैठक इसी उद्देश्य से बुलाई गई है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि इस धार्मिक आयोजन में अपनी सुविधानुसार समय दे कर अपने पंचायत , ग्राम और वार्ड के सभी परिवारों में व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण पत्रिका वितरण हेतु घर-घर पहुंचें। जिस भी क्षेत्र में आप जाएं उस संबंधित क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में विराजे भगवान के चरणों में आमंत्रण पत्रिका अवश्य भेंट करें। उन्होंने कहा कि जीवन में मोह माया, परिवार, गृहस्थी और व्यवसाय के दायित्व सभी के पास हैं। पर धर्म और सेवा के लिए भी समय निकालना चाहिए।

## निगमायुक्त ने शासकीय भवनों से संपत्तिकर सहित अन्य सभी करों की वसूली के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम क्षेत्रांतर्गत शासकीय भवनों से संपत्तिकर सहित अन्य सभी करों की वसूली करने हेतु मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय दिनांक 23/03/2022 के आदेशानुसार कार्रवाई करने के निर्देश राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को दिए हैं।

निगमायुक्त ने बताया कि शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के भवनों पर अधिरोपित सेवा प्रभार का नगरीय निकायों को भुगतान करने के संबंध में आदेश में लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 136 तथा मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 127-क के प्रावधानों अनुसार संघ सरकार तथा राज्य सरकार के भवनों एवं भूमियों को संपत्ति कर से छूट प्राप्त है,परन्तु मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 132-क की उपधारा (1) तथा मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 127-ख की उपधारा (1) के प्रावधानों अनुसार वह जलप्रदाय जल निकास एवं मलवहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा अन्य किसी प्रकार की प्रदान की गई सेवाओं के लिए उपभोक्ता प्रभार अधिरोपित करेगी। इसके अतिरिक्त उपरोक्त धाराओं की उपधारा (2) के खण्ड (एक) के प्रावधानों अनुसार नगरीय निकाय उन भवनों एवं भूमियों पर भी उपभोक्ता प्रभार अधिरोपित करेंगे, जो संपत्तिकर से छूट प्राप्त है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 19 नवम्बर 2009 के अनुसार नगरीय निकाय सरकारी संपत्तियों पर जलप्रदाय, सफाई, सीवरेज तथा अन्य सामान्य सेवाओं जैसे-पहुँच मार्ग,पथ प्रकाश तथा ड्रेनेज उपलब्ध कराने के बदले में सेवाप्रभारअधिरोपित कर सकते हैं जो कि निजी संपत्ति पर लगने वाले संपत्तिकर का 75 प्रतिशत, 50 प्रतिशत अथवा 33.33 प्रतिशत होगा तथा प्रदान की गई सेवाओं की मात्रा पर आधारित होगा तथा यह राज्य सरकार की संपत्तियों पर लगने वाले सेवा प्रभार से अधिक नहीं होगा।

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के संदर्भ में शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पत्रक्र.एन-11025/26/2003 दिनांक 17 दिसम्बर 2009 के माध्यम से केन्द्र शासन के समस्त विभागों को सेवा उपकर भुगतान करने के निर्देश जारी किये गये हैं। इस संदर्भ में उपसचिव, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा शासन के समस्त विभागों से नगरीय निकायों को उनके द्वारा निर्धारित सेवा प्रभार का भुगतान करने हेतु परिपत्र क्र. एफ6-7/2013/18-3 दिनांक 20.10.2015 जारी किया गया,परन्तु वर्तमान में शासकीय भूमि एवं भवनों पर अधिरोपित सेवा प्रभार का नियमित भुगतान विभागों द्वारा नहीं किया जा रहा है।

सेवा प्रभार नगरीय निकायों का वैधानिक अधिकार है तथा उसके भुगतान न होने के कारण उनकी आय में भारी कमी आती है, जिसके कारण उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर दुष्प्रभाव पड़ता है, अतः सभी विभाग आवश्यकता होने पर नगरीय निकायों को सेवा प्रभार (पूर्व लंबित देयकों सहित) का भुगतान करने हेतु अधिरोपित किए गए सेवा प्रभार (लंबित देयताओं सहित) की मांग अनुसार आपके विभाग के अंतर्गत कार्यालय व्यय किराया महसूल और स्थानीय करस् मद अंतर्गत बजट प्रावधान एवं भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करें। वर्तमान वित्तीय वर्ष में यदि उपरोक्त मद में बजट प्रावधान नहीं किया गया है, तो अन्य प्रभार से नगरीय निकायों के लंबित देयकों का भुगतान करना सुनिश्चित करें।



## सांदीपनि विद्यालय में सीख का उत्सव सृजन मनाया

**रहली।** संदीपनी स्कूल आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता अभिषेक भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सर्वसुविधा युक्त भवन सहित समस्त संसाधन उपलब्ध करा रही है ताकि विद्यार्थी आगे बढ़ सकें। समस्त उपस्थित अतिथियों ने विविध प्रदर्शनी एवं मॉडल का अवलोकन कर छात्रों के कार्यों एवं शिक्षकों की खुले मन से सराहना की। संदीपनी विद्याल रहली में विद्यार्थियों के सीखने के अवसर की जांच एवं उसके प्रदर्शन हेतु सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट कृषि उ. मा. विद्यालय रहली में सृजन 2025 अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कपास्या, पार्षद अमित नायक, अनुभागीय अधिकारी कुलदीप पाराशर, सहायक संचालक लोक शिक्षण रहली स्वाति दुबे, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार पचौरी, बी आर सी, आर डी अहिरवार ने कार्यक्रम की सराहना की। सृजन कार्यक्रम के समापन अवसर पर भाजपा नेता राजेंद्र जारोलिया ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मेडल, शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य दिलीप चौबे, माध्यमिक विंग प्रधानाध्यापक संजय खरे, दीपक मिश्रा, कमल जैन, यतेंद्र समाधिया, शिवशंकर रैकवार, सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावक सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन सलामत खान एवं गोविंद सिंह ठाकुर ने किया आभार प्रदर्शन संतोष जैन ने व्यक्त किया।

**शिविर में उपस्थित नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया**

# कटरा एवं जवाहरगंज वार्ड में आयोजित किया गया "आपकी महापौर आपके द्वार" और जन चौपाल का 7वां शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




कटरा एवं जवाहरगंज वार्ड के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा "आपकी महापौर आपके द्वार" एवं जनचौपाल शिविर का आयोजन पं. मोतीलाल नेहरू स्कूल परिसर, कटरा बाजार में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। संपत्तिकर, जलकर, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने सहित विभिन्न मूलभूत विषयों पर मौके पर ही निराकरण की कार्रवाई की गई।

इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा नागरिकों की बुनियादी समस्याओं के समाधान हेतु सभी वार्डों में "आपकी महापौर आपके द्वार" एवं जनचौपाल शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से गरीब एवं मध्यम वर्ग के ऐसे नागरिक, जिन्हें छोटे-छोटे कार्यों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में आ रही समस्या एवं स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई,आवास योजना, संपत्तिकर,जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क आदि समस्याओं के निराकरण हेतु बार-बार नगर निगम के चक्कर लगाने पड़ते थे, अब उन्हें अपने ही वार्ड में एक ही स्थान पर सुविधा प्रदान की जा रही है। महापौर ने कहा कि अब तक 7 शिविरों के माध्यम से 13 वार्डों के नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण कराया जा चुका है।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि महापौर की मंशानुरूप जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक वार्ड में यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि नागरिकों को अधिकतम सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि महापौर का प्रयास है कि लोगों की समस्याओं का समाधान समय-सीमा में और एक ही स्थान पर हो जिससे उन्हें बार-बार कार्यालय न जाना पड़े। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बेवजह परेशान न हों, शिविर में अपनी समस्याओं को बताएं जिससे मौके पर ही निराकरण किया जा सके।

एम.आई.सी. सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर ने महापौर की इस पहल को अभिनव पहल बताते हुए कहा कि नगर सरकार में यह पहली बार हो रहा है कि सभी वार्डों में सीधे जनसेवा के लिए शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद चौहान ने कहा कि इस व्यवस्था से नागरिकों को नगर निगम कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और उन्हें अपने ही वार्ड में समस्याओं के निराकरण करने की सुविधा मिल रही है। शिविर में पार्षद प्रतिनिधि सोमेश जड़यिा, भाजपा नेता हेमंत दुबे एवं शैलेन्द्र साहू ने भी संबोधित करते हुए महापौर की इस पहल की सराहना की और नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर, राजकुमार पटेल,कंचन सोमेश जड़यिा, संगीता शैलेष जैन, पार्षद सुमन डब्बू साहू, सुरेखा राय, प्रहलाद पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष दुबे, हेमंत दुबे, शैलेन्द्र साहू, मीरा चौरसिया, सतीश जैन, पूर्व पार्षद मुन्ना तिवारी, उपायुक्त एस.एस. बघेल, संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी, नीता वर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## ग्राम अनंतपुरा में डॉक्टरों ने निःशुल्क नेत्र शिविर में 300 मरीजों का परीक्षण किया

### सदगुरु सेवा संघ चित्रकूट ने आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी विकासखंड के ग्राम अनंतपुरा के शिव बाबा मंदिर परिसर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 300 से अधिक ग्रामीणों के नेत्रों जांच की गई। एवं 21 व्यक्तियों को बस द्वारा आंखों के आपरेशन के लिए चित्रकूट रवाना किया गया।

शिविर का शुभारंभ देवरी नगरपालिका अध्यक्षा नेहा अलकेश जैन द्वारा किया गया, सुबह 9 बजे से आरंभ हुए इस शिविर में सदगुरू सेवा संघ के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मशीनों के जरिये अनंतपुरा एवं आसपास के ग्रामों से आये लगभग 300 ग्रामीणों द्वारा से अपनी आंखों का परीक्षण किया गया।

इस दौरान दोपहर 05 बजे तक आयोजित इस शिविर में नगरपालिका अध्यक्ष नेहा जैन द्वारा 182 ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। शिविर में नेत्र परीक्षण उपरांत 50 लोगो को दवाईयां वितरित की गई साथ ही आपरेशन हेतु 21मरीजों को चित्रकूट रवाना किया गया। नेहा जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को चित्रकूट के लिए रवाना किया गया। समाजसेवी अलकेश जैन ने बताया कि अगले माह की 23 तारीख को शिव बाबा मंदिर परिसर अनंतपुरा में पुनः नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा

## खबर संक्षेप



### सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष हरीराम, कोषाध्यक्ष त्रिपाठी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेशीय सेवा निवृत्त शिक्षक कलयाण परिषद की एक आवश्यक बैठक श्रीनृसिंह मन्दिर की धर्मशाला में शम्भूदयाल प्रान्तीय सदस्य एवं पर्यवेक्षक की अध्यक्षता एवं दशरथ प्रसाद रजक झांसी जिलामंत्री के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी तथा निराकरणों के लिए योजनायें बनायी गयीं तथा ललितपुर जनपद के लिए पदाधिकारियों की घोषणा की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से हरीराम खरे को जिला संयोजक/अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी। साथ ही जिला सह संयोजक/मंत्री पद मुरलीधर यादव और कोषाध्यक्ष पद भाग्यचन्द त्रिपाठी को दिया गया। अन्त में झांसी जिलाध्यक्ष एवं माण्डलिक मंत्री लखनलाल सक्सेना द्वारा सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर प्रमाण पत्र दिये गये। इस दौरान सेवानिवृत्त अध्यापक एवं संगठन के संरक्षक अरविन्द कुमार तिवारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### शिक्षामित्रों की मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने एक ज्ञापन डीएम सत्यप्रकाश को सौंपा। बताया कि बीएलओ शिक्षामित्र हेमलता कुशवाहा का एम्स हॉस्पिटल भोपाल में ब्रेन हेमरेज का आपरेशन हुआ है। जिन्हें तत्काल धनराशि स्वीकृत कराई गई। इसके बाद शिक्षा मित्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा मित्रों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसी स्थिति में प्रदेश के समस्त शिक्षामित्रों के आयुष्मान कार्ड बनाया जाये। स्थानांतरण समायोजन प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें महिला एवं दिव्यांग शिक्षा मित्रों को नगर क्षेत्र के विद्यालयों में स्थानांतरित किया जाए।

### तीन जनवरी को समिति करेगी कार्यक्रम आयोजित

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विकास सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक जिला कार्यालय पर अध्यक्ष गुलाबबाई सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में आगामी 3 जनवरी को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका व समाजसेविका सावित्रीबाई फुले की जयन्ती मनाने पर विचार-विमर्श किया गया। समिति सचिव गीता सेन ने कहा कि सावित्री बाई फुले को देश की पहली अध्यापिका के रूप में जाना जाता है। सावित्री बाई फुले एक समाज सुधारक अध्यापिका, लेखिका और कवियित्री थीं। आधी आबादी के हक, सम्मान की लड़ाई जीवन पर्यन्त लडने वाली सावित्री बाई फुले के नाम से हर कोई परिचित होगा, पर क्या आप जानते हैं कि उन्होंने अपने जीवन के आखिरी समय को भी मानव जाति की सेवा में लगा दिया। उनके प्रयासों से संभव हो पाया कि स्त्रियों को अधिकार प्राप्त है।

## लेनदेन में दोस्त बना कातिल, रुपयों के लिए कर दिया मित्रता का कत्ल

# 20 हजार कर्ज और बीबी से बोला गलत दोस्त की गला दबाकर हत्या, आरोपी दबोचा




**ललितपुर।** जनपद के थाना नाराहट क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या की गुत्थी को पुलिस और स्वाट टीम ने सुलझा लिया है। पुलिस ने मंगलवार को हत्या के वांछित आरोपी रामअवतार को जंगल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कर्ज और आपसी विवाद के चलते आरोपी ने अपने ही दोस्त को मौत के घाट उतार दिया था।

### क्या था मामला?

बीती 18 दिसंबर को दीपक प्रजापति नामक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने क्षेत्राधिकारी पाली के नेतृत्व में चार टीमें (नाराहट पुलिस, स्वाट और सर्विलांस) गठित की थीं। तकनीकी साक्ष्यों और धरातलीय सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने आज ग्राम कलौथरा के जंगल से अभियुक्त रामअवतार को धर दबोचा।

### कर्ज और अपमान बना हत्या की वजह

पुलिस पूछताछ में आरोपी रामअवतार ने अपना जुर्म कबूल करते हुए चौंकाने वाले खुलासे किए। आरोपी ने बताया कि लेनदेन का विवाद आरोपी ने करीब 4-5 महीने पहले मृतक दीपक से 20 हजार रुपये उधार लिए थे। दीपक लगातार अपने पैसों की मांग कर रहा था, जिससे रामअवतार परेशान था। बीते18 दिसंबर की शाम पैसों की बात पर विवाद हुआ। रामअवतार दीपक को अपने घर ले गया, जहां दोनों ने साथ शराब पी। नशे की हालत में दीपक ने फिर से पैसे मांगे और आरोपी की पत्नी पर अभद्र टिप्पणी कर दी। इसी बात से आक्रोशित होकर रामअवतार ने पहले दीपक को धक्का दिया और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उसने यह सुनिश्चित करने के लिए कि दीपक जीवित न बचे, उसके शव पर टायर और लकड़ी का तखता रख दिया और फरार हो गया।

### ऑपरेशन कनविक्शन के अंतर्गत होगी सख्त सजाः पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकरण को ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित किया गया है। पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्यों के माध्यम से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करेगी ताकि माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके।
गिरफ्तार करने वाली संयुक्त टीम
एसओ पारुल चंदेल (थानाध्यक्ष नाराहट) व टीम व उ.नि. अतुल तिवारी (प्रभारी स्वाट) व टीम, उ.नि. अरुण पवार (प्रभारी सर्विलांस) व टीम शामिल रहे।

## शादी के छह माह बाद जेवरात और नकदी लेकर दुलहन हो गई फुर्र

**ललितपुर।** लुटेरी दुल्हन का कहर ललितपुर क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। गांव क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार ने मध्य प्रदेश की एक महिला पर शादी के बाद घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी धोखे से उठाकर मायके ले जाने और फोन करने पर दूसरी शादी करने की बात कही। इस बात से परिवार में हड़कम्प मच गया। मामले की शिकायत पीड़ित पक्ष ने थाने के अलावा मुख्यमंत्री तक की है। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरई निवासी उदय कुमार नायक पुत्र रूपनारायण नायक ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक शिकायती पत्र जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा है। बताया कि मऊमाफी में रहने वाले दिनेश तिवारी पुत्र रामरतन तिवारी द्वारा उसकी शादी मध्य प्रदेश के जिला विदिशा अंतर्गत थाना देहात गंज बसौदा अंतर्गत वार्ड नं. 21 ईदगाह रोड निवासी जितेन्द्र शर्मा की पुत्री आरती शर्मा से 23 फरवरी 2024 को चण्डी माता मंदिर नई बस्ती से करायी थी। बताया कि दिनेश तिवारी ने उसकी मां उमा से करीब 1.50 लाख रुपया शादी में खर्च करने के एवज में लिये और लड़की पक्ष को अच्छी तरह से जानने की बात कहते हुये गलत होने पर जिम्मेवारी भी ली थी। पीड़ित ने बताया कि शादी के दिन उसने अपने परिजनों के साथ आरती शर्मा को चांदी की पायल, करधौनी व सोने की झुमकी, मंगलसूत्र दिया था और शादी सम्पन्न हुयी थी। पीड़ित के अनुसार शादी के 6 माह तक आरती उनके साथ रही, फिर काम होने की बात कहते हुये मायके चली गयी और तब से अब तक वापस नहीं लौटी। आरती के जाने के बाद उन्होंने अपनी अलमारी देखी तो उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात व नकदी रुपये भी गायब थे। जब उसने आरती से फोन पर सम्पर्क किया तो आरती ने वापस न आने की बात कहते हुये दूसरी शादी करने की बात कही। शिकायत करने पर आरती ने पूरे परिवार को झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने मामला दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## सदर विधायक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

# मंडी परिषद सहित 200 जर्जर सड़कों का हो पुनर्निर्माणः रामरतन कुशवाहा



**ललितपुर।** सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जिले की विधानसभा क्षेत्र की वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ी करीब 200 सडक़ों के पुनर्निर्माण हेतु शासन स्तर पर याचिका प्रस्तुत की है। यह याचिका मुख्यमंत्री/संबंधित विभाग को प्रेषित की गई। जिसमें मंडी परिषद क्षेत्र की क्षतिग्रस्त एवं बदहाल सडक़ों को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर पुनः निर्माण कराए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। प्रस्तुत याचिका में विधायक सदर ने अवगत कराया कि मंडी परिषद क्षेत्र की अनेक सडक़ें लंबे समय से अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं, जिन पर चलना आमजन, किसानों, व्यापारियों एवं विद्यार्थियों के लिए कठिन हो गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं तथा आवागमन बुरी तरह प्रभावित रहता है। सदर विधायक ने याचिका के माध्यम से यह भी उल्लेख किया कि मंडी क्षेत्र होने के कारण यहां किसानों की उपज का आवागमन बड़े पैमाने पर होता है। खराब सडक़ों के कारण न केवल किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, बल्कि व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। ऐसी स्थिति में सडक़ों का शीघ्र पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है। रामरतन कुशवाहा ने मांग की कि मंडी परिषद के अधीन वर्षों से जर्जर पड़ी सडक़ों को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी निर्माण कराया जाए, ताकि आमजन को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक आवागमन मिल सके।

बार मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सिसौदिया ने बताया कि उनके अलावा अन्य क्षेत्रीय नागरिकों की ओर से भी याचिका प्रस्तुत कर जनभावनाओं से शासन को अवगत कराया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार जनहित की इस महत्वपूर्ण समस्या पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए आवश्यक स्वीकृति प्रदान करेगी। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि वे क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत हैं और सडक़, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सदैव जनता की आवाज शासन तक पहुंचाते रहेंगे।

## जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह को किया सम्मानित

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की वार्षिक बैठक में ललितपुर द्वितीय स्थान पर





**ललितपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) उत्तर प्रदेश के वर्ष 2026 सदस्यता विस्तार महाअभियान में ललितपुर जिले को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है, तो वहीं प्रथम स्थान पर कुशीनगर और तृतीय स्थान पर जनपद बस्ती रहा। मंडल अध्यक्ष झांसी एस.के. भदौरिया ने बताया कि इस बार मंडल के तीनों जिले झांसी, ललितपुर, जालौन का प्रदर्शन जोरदार रहा है और जनपद ललितपुर ने द्वितीय स्थान पाकर पूरे झांसी मंडल का नाम प्रदेश में रोशन किया है। विंध्याचल (मीरजापुर) की प्रदेश कार्यसमिति की वार्षिक बैठक में ललितपुर जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह की अथक मेहनत के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि सम्राट सिंह ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। संगठन के के कार्यो सक्रिय भागीदारी और समर्पण सराहनीय है। प्रदेश सचिव डा.बी.बी. गौर ने कहा कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि ललितपुर इकाई ने प्रांतीय नेतृत्व के दिशा-निर्देशों का प्रभावी ढंग से पालन किया और जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पर अन्य जिलों के अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों ने बधाई प्रेषित की है। सोशल मीडिया पर पत्रकारों की बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

## आगामी कार्यक्रमों को लेकर बीजेपी की मॉनिटरिंग सेल की बैठक संपन्न

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पंडित हरिश्चंद्र रावत ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला मॉनिटरिंग सेल की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है । जिसमें जिलाध्यक्ष द्वारा पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा अटल जन्म शादाब्दी समारोह, एस आई आर और वीर वाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष और एस आई आर जिला संयोजक हरिराम निरंजन, पूर्व जिलाध्यक्ष और अटल जन्म शादाब्दी समारोह संयोजक प प्रदीप चौबे, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी रावत, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम, रूपेश साहू, धर्मेंद्र पाठक, जिला महामंत्री महिला मोर्चा रुचिका बुंदेला,अरुण द्विवेदी, किंजल हुंडत , श्याम बिहारी कौशिक, ध्रुव राजा, अरुण तिवारी, जिला मंत्री रजनी अहिरवार, मनविंदर कौर आदि मौजूद थे।

# पनारी में ग्राम सभा की जमीन पर खेल प्रशासन सख्त, लगाया चेतावनी बोर्ड




**ललितपुर।** पनारी क्षेत्र में इन दिनों ग्राम सभा की जमीन को लेकर बड़ा खेल सामने आ रहा है। आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा ग्राम सभा की भूमि का गलत तरीके से उपयोग कर प्लाट बेचे जा रहे हैं और भोले-भाले लोगों को धोखे में रखकर रजिस्ट्री कराई जा रही है। यह मामला सामने आने के बाद ललितपुर प्रशासन हरकत में आ गया है और संबंधित जमीन पर चेतावनी बोर्ड लगाकर सख्त संदेश दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पनारी में स्थित सुधा बिहार कॉलोनी से निकलने वाला रास्ता ग्राम सभा की जमीन से होकर गुजरता है। इसी जमीन का सहारा लेकर कुछ कॉलोनाइजऱ और बिचौलिए प्लाट दिखाकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। लोगों को यह बताया जा रहा है कि जमीन वैध है, जबकि वास्तविकता में वह भूमि ग्राम सभा की है और उस पर किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त अवैध है। बताया जा रहा है कि पूर्व में ललित प्रशासन द्वारा ग्राम सभा की जमीन ग्राम प्रधान को सुपुर्द की गई थी। प्रशासन के आदेश के अनुपालन में लेखपाल और ग्राम प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम सभा की जमीन पर बोर्ड गाड़ा गया, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि यह भूमि ग्राम सभा की है और इस पर किसी भी प्रकार का निर्माण, बिक्री या रजिस्ट्री गैरकानूनी है। जैसे ही मामला प्रशासन के संज्ञान में आया, अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चेतावनी बोर्ड लगवाया और स्पष्ट किया कि ग्राम सभा की जमीन पर किसी भी तरह का सौदा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी संकेत दिए हैं कि यदि भविष्य में इस प्रकार की धोखाधड़ी सामने आती है तो संबंधित लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। प्रशासन ने ललितपुर और पनारी के निवासियों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें।

## खेल जीत व हार स्वीकार कर, संघर्ष से सीखना और आगे बढ़ना भी सिखाता हैः डीएम


# जिलाधिकारी ने सांसद खेल महोत्सव का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ




**ललितपुर।** सांसद खेल प्रतियोगिता (सांसद खेल महोत्सव) 2025 का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ब्लॉकों एवं विधानसभा क्षेत्रों से आए सैकड़ों युवा खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, फुटबॉल सहित कई खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था, जो पूर्णतः सफल रहा।


समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी श्री सत्यप्रकाश ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल आपको जीतना ही नही सिखाता, बल्कि हार को स्वीकार करना, संघर्ष से सीखना और आगे बढ़ना भी सिखाता है। खेल के मैदान में विकसित हुआ अनुशासन समयबद्धता और टीम भावना जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी बनती है। उन्होंने कहा कि आज हमारे ललितपुर के युवा जिला ऊर्जा, समर्पण और खेल भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं वह आने वाले समय में देश को स्वस्थ्य, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जायेगी। जिला प्रशासन आपकी प्रतिभा को निखारने हेतु आधारभूत सुविधाओं, प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। अंत में जिलाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों से यही कहा कि खेल को खेल भावना से खेलिये, मेहनत को अपना साथी बनाइये और लक्ष्य को अपनी पहचान। आपका परिश्रम ही आपके उज्वल भविष्य की नीव है। उन्होंने भविष्य की शुभकामनाओं के साथ अपनी बात समाप्त की। सांसद प्रतिनिधि अनिल पटेरिया ने अपने संबोधन में कहा - यह सांसद खेल प्रतियोगिता केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री जी के श्खेलो इंडियाश एवं श्फिट इंडियाश अभियान का हिस्सा है।

# लंगूरों के आतंक से जाखलोन निवासी परेशान



**ललितपुर।** कस्बा जाखलौन में काले मुंह वाले बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। आए दिन बंदरों के झुण्डों के अचानक गांव में घुसकर उत्पात मचाने से लोगों ने अपने फलदार बगीचे समाप्त कर खेती करना शुरू कर दिया है। बंदरों के झुंड के झुंड घरों में घुसकर हमलावर होकर तोडफ़ोड़ और खाने पीने की वस्तुओं को ले जाते हैं। जंगल और पहाड़ के निकट बसे होने के कारण कस्बावासी बंदरों के उत्पात से बेहद परेशान हैं। बड़ी संख्या में प्रतिदिन बंदर बस्ती में घुसकर घरों की छतों पर लगी छतरियों, सोलर पैनलों और नेटवर्क संचार के उपकरणों को छतिग्रस्त कर रहे हैं। घरों में महिलाओं और बच्चों से ये भयभीत होने के बजाय उन पर हमलावर हो जाते हैं। अब तो कभी कभी 15-20 बड़े बड़े बंदरों के झुंड घुसकर काफी उत्पात मचाने लगे हैं, जो परिवार सहित आने वाले बंदरों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। अब इनसे परेशान लोगों ने अपने घरों और बगीचों में फलदार पेड़ लगाना बंद कर दिया है। कस्बे के बड़े बड़े फलदार बगीचों को उनके मालिकों ने खेतों में बदलकर खेती करना प्रारंभ कर दिया है। बताते चलें कस्बे में कभी बुंदेला परिवारों, राव साहब परिवार और कौशिक परिवार के अमरूदों के बड़े बगीचे हुआ करते थे। जिनमें फलों के साथ सब्जी का उत्पादन होता था। बंदरों के उत्पात से अब सबने उनमें खेती करना प्रारंभ कर दिया है। घरों में सब्जी और फलदार पेड़ लगाने का भी कोई अर्थ नहीं बचा है। बंदर आए दिन इनमें घुसकर तहस नहस कर देते हैं।

# गोसेवा परमो धर्मः गोसेवा करना ही नारायण सेवाः पं. दिनेश संज्ञा




**ललितपुर।** भारत की संस्कृति में गाय को मां का स्थान दिया गया है। हमारे वेदों और पुराणों में गौ माता को 'धेनुइ कहा गया है जिसका अर्थ है, जो सबको पोषण दे।

दूध, दही, घी, गोबर और गौमूत्र, ये पांच अमृत तत्व न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से भी शुद्धता प्रदान करते हैं। आज के आधुनिक युग में जहाँ लोग भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भाग रहे हैं, वहीं गौ माता की सेवा का महत्व और भी बढ़ जाता है। गाय को माता मानकर सेवा करना धर्म, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा भी है। हमें गौमाता की सेवा और संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। गौ सेवा केवल एक धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि यह समाज और पर्यावरण दोनों के लिए आवश्यक है। गौ माता का गोबर और गौमूत्र जैविक खेती के लिए वरदान है। यह खेतों की उर्वरक क्षमता बढ़ाते हैं और रसायनों से मुक्त अन्न प्रदान करते हैं। इसी कारण भारतीय कृषि परंपरा सदियों से गौ माता पर आधारित रही है। लेकिन दुख की बात यह है कि आज कई गायें सड़कों पर भटक रही हैं, भूखी-प्यासी हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं। ऐसे समय में गौशालाओं का महत्व और भी बढ़ जाता है। गौ सेवा ही नारायण सेवा है। गौ सेवा करने से मन को शांति मिलती है। यह पुण्य का कार्य है। प्राचीन काल से ही गौमाता की सेवा का महत्व शास्त्रों और पुराणों में बताया गया है। गाय न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि इसके साथ अनेक वैज्ञानिक तथ्यों को भी जोड़ा गया है जो मानव जीवन को सुखी, समृद्ध और स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं। गौ रक्षा का महत्व सिर्फ धार्मिक या सांस्कृतिक नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। प्राचीन भारत की अर्थव्यवस्था और जीवनशैली गाय पर आधारित थी। यदि आपको इन दिनों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, व्यापार मंदा हो, घर में पैसा टिकता नहीं बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है या फिर आए दिन पारिवारिक क्लेश के कारण घर की शांति भंग हो गई है तो कारण ग्रह दोष पीड़ा भी हो सकता है। यह बात सर्वमान्य है कि गाय में सभी देवी-देवताओं का निवास हैं।

# ईमानदारी और कर्मठता के प्रतीक थे चौ. चरणसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर



पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि किसानों के प्रिय नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरणसिंह का नाम स्मरण होते ही खेतों और खलिहानों से उठती सौंधी सुगन्ध से मन रच बस जाता है। उनका जन्म ऐसे किसान परिवार में हुआ जिसकी दीवारें मिट्टी की और छत घासफूस की थी। वे सन् 1937 में कांग्रेस की ओर से उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायक निर्वाचित हुए। महात्मा गांधी के ग्रामाभिमुख विचारों से बड़े प्रभावित थे। ग्रामीण अर्थशास्त्र के व्यवहारिक चिंतक और असाधारण रूप से ईमानदारी और कर्मठता के प्रतीक थे। उनका पालन पोषण सीरधर खुदकाश्त सीमान्त किसान के परिवार में हुआ था। छोटी जोत के अर्धकिसान और अर्धमजदूर देश में आज भी 80 प्रतिशत से कम नहीं हैं। त्रेता युग में दुराग्रही दुर्योधन सुई की नोंक बराबर भी जमीन खेती करने वालों को नहीं देना चाहता था। आज भी प्रकान्तर से हालात वैसे ही जस की तस बने हुए हैं। अतीत में सरकारी और महाजनी कर्ज के दो पाटों के बीच में यदि किसान न पिस रहा होता तो देश में उनकी इतनी आत्महत्याएं न होती। उ.प्र. में जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार तथा चकबंदी योजना लागू करने में चौधरी साहब का महत्पूर्ण योगदान है। किसानों की आय दूनी कर देने की सिफारिश स्वामीनाथन आयोग ने की थी। तब से केन्द्रीय और प्रान्तीय सरकारें काफी प्रयत्नशील नजर आ रहीं हैं परन्तु जमीनी हकीकत ओझल है। कोविड 19 की पहली और दूसरी लहर में यह सच्चाई उभरकर आयी है कि खाद्य तेल, खाद्यान, उर्वरक, कृषि उपकरण, डीजल और पेट्रोल के दाम बेतहाशा उछाल पर हैं। साथ ही किसानों द्वारा उत्पादित अनाज शाक-सब्जी, फल- फलारी की कीमतों से सभी रसोईघरों का मिजाज बिगड़ गया है। हमें अपने आपसे पूछना होगा कि ऐसे हालात बिना कारण तो उपस्थित नहीं हो सकते। जो किसान अनाज और शाक-सब्जी पैदा कर रहें हैं क्या बड़ी हुई कीमतों को लाभांश की कानी कौड़ी भी उनकी अंटी में अट रही है? या बड़े-बड़े बिचौलिए मलाई छान रहे हैं? निश्चित रूप से चौ. चरणसिंह द्वारा रचित ग्रामीण अर्थशास्त्र के उनके ग्रन्थों से हम समाधान जान सकते है।

# राष्ट्रीय किसान दिवस पर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की मनाई जयंती



**ललितपुर।** राष्ट्रीय किसान दिवस पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर किसान दिवस मनाया। चौधरी चरण सिंह देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे, जो पूरी दुनिया गांव ग्रामीण क्षेत्र को मजदूरों को ही मानते थे। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र 80 प्रतिशत आबादी बसती है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर उनका हल लेते थे, उनकी जो समस्याएं होती थी उन्हें स्वयं अपने सामने समाधान करवाते थे। किसान और मजदूरों की मसीहा थे, सदैव उन्होंने गरीब मजदूर किसान और देश हित में ऐसा काम किया आज पूरी दुनिया उन्हें याद करती है। जब किसानों को आंदोलन करने की जरूरत नहीं पड़ती थी, उनके अधिकार उन्हें मिलते थे। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी संरक्षक भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति, गजेंद्र सिंह 4 जी प्रधान प्रदेश मुख्य सचिव भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति, पूर्व अध्यक्ष नेमीचंद जैन एड., पं.महेंद्र कुमार पाराशर, अजय एड., अजय सिंह राजपूत एड., रवि श्रीवास्तव एड., शशिकांत राजपूत, आनंद सिंह, कुसुमलता एड. हाईकोर्ट, गजराम लोधी, ऋषिपाल सिंह, शैलेंद्र कुमार जैन, अनूप ताम्रकार, जानकी प्रसाद बौद्ध, शशिकांत राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

## पीएम पोषण शक्ति योजना में लापरवाही पर जिप सीईओ ने जारी किए नोटिस

# तीन साल से खुद एमडीएम चला रहे और नोटिस जारी करा दिए रसोईया को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

पीएम पोषण शक्ति योजना में लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने हरनामचंद का डेरा स्कूल में भोजन पकाने वाली तीन रसोइयों को लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है यह नोटिस सीएसी के निरीक्षण और हेड मास्टर की शिकायत पर दिया गया है। पर इस शिकायत में इस बात का उल्लेख कहीं नहीं किया गया कि स्कूल में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था नियमानुसार महिला स्व सहायता समूह के हाथ में नहीं बल्कि शाला प्रबंधन समिति के पास है जिसके चलते शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के बजाय दिन भर खाना बनवाना, पीडीएस दुकान से गेहूं सब्जी इत्यादि सामान लाने ले जाने में ही पूरा समय व्यतीत कर रहे हैं 3 साल से गांव में शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के माध्यम से पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत भोजन व्यवस्था एसएमसी के माध्यम से संचालित है इसकी शिकायत किसी अधिकारी से सीएसी ने क्यों नहीं की। अभी तक किसी महिला स्व सहायता समूह को यह व्यवस्था क्यों नहीं सौंपी गई।




### एक रसोईया के रिश्तेदार पर अभद्रता के आरोप

जिला पंचायत सीईओ द्वारा जिन रसोईयाओं को नोटिस जारी किया गया है उसमें नीतो बाई के नोटिस में उनके पति द्वारा शिक्षकों से गाली गलौज करने ओर बेटे के द्वारा मोबाइल पर अभद्रता करने का उल्लेख हेड मास्टर के द्वारा की गई शिकायत के आधार पर उल्लेख किया गया है। हेड मास्टर द्वारा की गई शिकायत में उल्लेख है कि सीएसी के निरीक्षण में जब रसोईया नहीं मिली तो उन्होंने (हेड मास्टर ने) रसोईया नीतो बाई के मोबाइल पर कॉल किया जिसे उसके लड़के ने रिसीव करते हुए अभद्र भाषा का उपयोग किया बाद में उसके पति ने स्कूल परिसर में आकर शिक्षकों से अभद्रता की गाली गलौज की और शैक्षणिक कार्य का प्रभावित किया।

जिला पंचायत सीईओ द्वारा हरनामचंद का डेरा स्कूल में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत भोजन पकाने वाली रसोइया नीतो बाई, समरो बाई एवं निक्को बाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस 3 दिसंबर को सीएसी के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने ओर हेड मास्टर द्वारा लिखित शिकायत करते पर जारी किया गया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि पीएम पोषण शक्ति योजना के अति महत्वपूर्ण काम में लापरवाही गम्भीर मामला है साथ ही स्कूल स्टाफ से अभद्रता करना शैक्षणिक कार्य में व्यवधान उत्पन्न करना है। इस संबंध जिप सीईओ ने तीनों रसोईयाओं और हेड मास्टर को अपने समक्ष उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।

### पीएम पोषण योजना में शिक्षकों को लगाना सुप्रीम कोर्ट की अवमानना

पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत भोजन पकाने खिलाने के काम में शिक्षकों को लगाना सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की अवहेलना है। ज्ञात हो कि पूर्व में जब मध्यान भोजन योजना के तहत भोजन बनाने खिलाने की व्यवस्था शुरू की गई थी तब शिक्षक ही भोजन बनाने खिलाने का काम करते थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों को सिर्फ पढ़ाने के काम के अलावा दूसरे काम में नहीं लगाने के आदेश जारी किए तब सरकार ने स्थानीय स्तर पर महिला स्व सहायता समूह गठित करवा कर एमडीएम का काम उन्हें सौंप दिया गया लेकिन विपरीत परिस्थितियों में जहां समूह नहीं हो या किसी गलती के कारण समूह को हटाया गया हो तो वैकल्पिक व्यवस्था के लिए शाला प्रबंधन समिति को कुछ दिनों के लिए यह व्यवस्था सोपी जा सकती है। बाद में उक्त व्यवस्था को विधिवत महिला स्व सहायता समूह ही संचालित करेगा। पर इस स्कूल हरनाम चंद का डेरा में 3 साल से भी अधिक समय से शाला प्रबंधन समिति के नाम पर शिक्षक भोजन बनाने खिलाने का काम कर रहे हैं जिसके तहत पीडीएस दुकान से गेहूं चावल लाने उन्हें चक्की पर पीसने ले जाने सब्जी मंडी से सब्जी लाने बाजार से दाल मसाले का तेल खरीद कर लाने का काम शिक्षक कर रहे हैं। ऐसे में वह पढ़ाई कब करा रहे होंगे समझना मुश्किल भी नहीं है प्रश्न यह भी उठ रहा है कि आखिर एसएमसी माध्यम से शिक्षकों से कब तक भोजन बनाने का काम लिया जाएगा क्या उक्त गांव में ऐसा कोई महिला स्व सहायता समूह संचालित नहीं है जो भोजन व्यवस्था देख सके?

### इनका कहना है...

मैंने 3 दिसंबर को शाला का निरीक्षण किया था करीब 12:00 के आसपास तीनों रसोईया नहीं मिली थी मैंने निरीक्षण रिपोर्ट अपने वरिष्ठ कार्यालय को भेज दी। हेड मास्टर द्वारा क्या शिकायत की गई या शिक्षकों ओर अन्य व्यक्ति के बीच क्या विवाद हुआ इसकी जानकारी मुझे नहीं है।

**दिनेश राजपूत**
**सीएसी बीआरसी कार्यालय श्योपुर**

में अभी जरूरी बैठक कर रहा हूं बैठक के बाद आपसे ऑफिस आकर मिलता हूं। वहीं पर बैठकर चर्चा करते हैं। अभी में बैठक कर रहा हूं।

**बीएस शर्मा**
**हेड मास्टर एकीकृत शाला हरनाम चंद का डेरा श्योपुर**

## निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर लापरवाही मिलने पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

# वीडियो वायरल के बाद चर्चा में आई प्रभारी सीडीपीओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर




महिला बाल विकास विभाग की विजयपुर में पदस्थ जिस प्रभारी परियोजना अधिकारी का तथाकथित वीडियो वायरल हुआ था उसे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निलंबित कर दिया है। हालांकि कलेक्टर के द्वारा जारी किए गए निलंबन आदेश में तथाकथित वीडियो का उल्लेख नहीं किया गया है पर विभागीय लोग इस कार्रवाई को उक्त वायरल वीडियो से जोड़कर ही देख रहे हैं।

विगत दिनों अगरा शिविर के बाद कलेक्टर के निर्देश पर जिप सीईओ सौम्या आनंद ने आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया था जिसमें कमी पाए जाने पर नोटिस भी जारी किए गए थे। उसी निरीक्षण से जुड़ा एक तथाकथित वीडियो वायरल हुआ था जिसमें प्रभारी सीडीपीओ दो लाख रुपए वसूली के दबाव की बात बोलती दिखाई पड़ रही हैं। वीडियो में जिला पंचायत सीईओ के नाम भी लिया गया है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर से जारी किए गए निलंबन आदेश में उल्लेख है कि 17 दिसंबर को विकासखंड विजयपुर के भ्रमण के दौरान कदवई एवं मगदरदेह आंगनबाडी केन्द्र शासकीय भवनों में संचालित न होकर निजी किराये के भवन में संचालन पाये जाने, आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति नहीं पाये जाने एवं उक्त आंगनबाडी केन्द्रों पर मेन्यू अनुसार गुणवत्ता पूर्ण मध्यान्ह भोजन नहीं दिया जाना पाये जाने से ज्योति चतुर्वेदी प्रभारी परियोजना अधिकारी परियोजना विजयपुर-1 मूल पद पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास श्योपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्योपुर रहेगा।

## शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने नगरपालिका का अभियान शुरू

# सड़क पर पसर रहे 60 दुकानदारों पर जुर्माना, पॉलीथिन भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर



शहर में अतिक्रमण के कारण बदहाल होती जा रही यातायात व्यवस्था को ढर्रे पर लाने के उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर नगर पालिका ने अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत बुधवार को पाली रोड पर अभियान चला कर 59 दुकानदारों के ऊपर सड़क पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने व एक पर पॉलीथिन संग्रहित कर रखने के लिए जुर्माना किया गया।

कलेक्टर अर्पित वर्मा से मिले निर्देश की पालना करते हुए सीएमओ आरआर यादव के नेतृत्व में नगर पालिका के मदाखलत अमले ने बुधवार को पाली रोड पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जिसमें जय स्तंभ से एकीकृत बस स्टैंड तक दुकानदारों के सामान को सड़कों से हटाने व उन्हें अपनी सीमा में रहने की नसीहत दी गई। इस दौरान 59 दुकानदारों पर सरकारी सड़क पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने के लिए 100_100 रुपए जुर्माना किया गया। इस दौरान एक दुकानदार पर सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पॉलीथीन की जप्ती की गई और जुर्माना किया गया इस कार्रवाई में ए आरआई सत्यभानु जाटव, प्रभारी एचओ अरविंद पाराशर, अतिक्रमण शाखा प्रभारी खालिद कुरैशी सहित नगर पालिका का मदाखलत अमला मौजूद रहा।

## हेलमेट की चालानी कार्रवाई से बचने बाइक सवारों ने बनाए कई बहाने

# साहब! रोज ही हेलमेट लगाता हूं, बस आज ही जल्दबाजी में लगाना भूल गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर



साहब! वैसे तो रोज ही हेलमेट लगाकर बाइक चलाता हूं,लेकिन आज ही हेलमेट लगाकर आना भूल गया हूं,इसलिए हमे जाने दो। इस तरह के कई बहाने हेलमेट चैकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाते हुए पकडे गए बाइक सवार युवकों ने लगाए। लेकिन हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान के दौरान शहर में हेलमेट की चैकिंग करने उतरे यातायात थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बिना हेलमेट पकडे गए सभी बाइक सवार लोगों पर जुर्माना किया और उन्हें समझाइस दी कि हेलमेट लगाना उनके खुद के लिए ही फायदेमंद है। इसलिए हेलमेट लगाकर बाइक चलाए और अपने परिवार के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यातायात थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि बुधवार को शहर के पाली रोड पर देहात थाने के सामने, शिवपुरी रोड पर यातायात थाने के सामने तथा बडौदा रोड पर पुलिस कंट्रोलरूम के सामने चेकिंग करते हुए बिना हेलमेट बाइक चलाते हुए 59 लोगों को पकडा और उनसे 17700 रूपए का जुर्माना वसूला गया।

### जिपं सीईओ ने किया ग्रामों का भ्रमण,सरपंच को धारा 40 का नोटिस

श्योपुर।जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने बुधवार को नजदीकी गांव बगवाज, अभयपुरा, रामपुरा डांग का भ्रमण करते हुए स्कूल, आंगनबाडी, केन्द्रो सहित अन्य कार्यो का जायजा लिया।जिपं सीईओ ने रामपुरा डांग में निर्माणाधीन आंगनबाडी भवन में गुणवत्ताहीन कार्य पाये जाने तथा वर्तमान में कार्य बंद मिलने के साथ ही प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाडी परिसर की बाउन्ड्रीवॉल अपूर्ण होने के चलते संबंधित पंचायत सेमल्दा हवेली के सचिव पप्पू आदिवासी को पंचायतराज अधिनियम की धारा 89 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मध्यप्रदेश पंचायत सचिव सेवा नियम 1999 के नियम 4 व 5 के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सेमल्दा हवेली की सरपंच भगवती आदिवासी को धारा 89 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर धारा 40 के तहत नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।शाप्रावि रामपुरा डांग के निरीक्षण के दौरान मैन्यू अनुसार मध्यान्ह भोजन नही पाये जाने तथा चूल्हे पर खाना पकाने के संबंध में संबंधित भारती स्वसहायता समूह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।शासकीय प्राथमिक विद्यालय अभयपुरा के निरीक्षण के दौरान पीएम पोषण योजना अंतर्गत बर्तन खरीदी के संबंध में लेखा संधारण नही पाये जाने, समूह द्वारा गुणवत्ताहीन भोजन प्रदाय किये जाने तथा संलग्न आंगनबाडी केन्द्र पर सुबह का नाश्ता उपलब्ध नही होने के चलते शाला प्रभारी श्रीमती नीलम देवी एवं स्वसहायता समूह जय काली मॉ को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय बगवाज के निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम पाये जाने के लिए शाला प्रभारी पल्लवी जाधव को तथा ग्राम पंचायत बगवाज में गंदगी पाये जाने नालियों की साफ-सफाई नही कराये जाने के चलते पंचायत सचिव दिनेश वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

# सेवा निवृत डीईओ का निधन,बड़ौदा रोड मुक्ति धाम पर हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर



पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं सेवानिवृत्ति वरिष्ठ व्याख्याता सुरेश सिंह सोलंकी का सोमवार की रात निधन हो गया। सेवानिवृत्ति डीईओ सोलंकी कुछ समय से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे जिनका इलाज चल रहा था। जिला शिक्षा अधिकारी बनने से पहले उन्होंने कन्या उमावि श्री हजारेश्वर स्कूल एवं प्रेमसर संकुल केंद्र के प्रिंसिपल रहते हुए शैक्षणिक स्तर को सुधारने में अहम योगदान दिया था। उनके निधन से समूचे शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। बुधवार को जिला मुख्यालय के बड़ौदा रोड स्थित मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने बताया कि उनके बेटे और बहू न्यूजीलैंड में रहते हैं जो बुधवार की सुबह तक ही लौटे हैं इसलिए अंतिम संस्कार में देरी हुई।

# कोचिंग पढकर लौट रही छात्रा से छेड़छाड़, एफआईआर दर्ज

श्योपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक छात्रा के साथ नामजद आरोपी के द्वार उस समय छेडछाड कर दी,जब वह कोचिंग से पढकर घर जा रही थी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपी पर छेडछाड का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि 20 वर्षीय छात्रा जब कोचिंग पढकर लौट रही थी,तभी कोचिंग के बाहर उसका हाथ नरेन्द्र शर्मा पुत्र सुनील शर्मा निवासी खांराकुआ किला रोड श्योपुर ने हाथ पकडकर छेडछाड कर दी। पीडिता का कहना है कि नरेन्द्र पिछले कुछ दिनों से पीछा भी कर रहा था और बात करने के लिए दबाव बनाने के लिए इस तरह की धमकी भी देता था कि बात नहीं करोगी तो तेरे पापा को जान से मार दूंगा। इस मामले में पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट नरेन्द्र शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# अरावली पर्वतमाला को बचाने पर्यावरण प्रेमियों ने लगाई राष्ट्रपति से गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर



हाल ही में कोर्ट द्वारा अरावली पर्वतमाला की ऊंचाई के संदर्भ में दिए गए फैसले पर पुनर्विचार करने एवं फैसले पर रोक लगाने की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षक दाताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए पूरे भारत में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे गए। इस क्रम में जिला मुख्यालय पर भी स्वयंसेवियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर इस संबंध में जिला प्रशासन को ज्ञापन सोपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि अरावली पर्वतमाला को किसी ऊंचाई के मापदंड से ना नापा जाए वह एक ऐसी पर्वत श्रृंखला है जो देश और धरोहर के रूप में भारत की पहचान है। ज्ञात हो कि किसी व्यक्ति द्वारा लगाए गए याचिका के आधार पर कोर्ट ने फैसला दिया है कि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ी को पहाड़ ना मानकर उसकी खुदाई की जा सकती है। कोर्ट के इस फैसले के बाद पर्यावरण प्रेमियों को अवैध खनन होने का अंदेशा व्याप्त हो गया है। इस फैसले पर अमल रोकने के उद्देश्य पर्यावरण प्रेमियों ने पूरे देश में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया है जिसमें उल्लेख किया है कि पर्वतमाला राष्ट्र की पहचान और कई प्रदेशों तक इसकी श्रृंखला है इसे नष्ट न किया जाए जो कोर्ट के 100 मी की गाइड लाइन है उससे पर्वतमाला को पृथक रखा जाए। जिला मुख्यालय पर राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने वालों में संयुक्त किसान मोर्चा जिला संयोजक अनिल सिंह , गांधी विचार मंच के संयोजक कैलाश पाराशर महात्मा गांधी सेवाश्रम के जयसिंह जादौन भारतीय किसान यूनियन से हरि सिंह मीणा, एडवोकेट जुगराज सिंह,देवीराम सिंह,लखन माहौर, शंभु दयाल शर्मा, गायत्री परिवार से बृजनेश परिहार, कैलाश राठौर आदि किसान संगठनो एवम सामाजिक संगठनो के कार्यकर्ताओं के नाम शामिल हैं।

## प्रशासन को छह माह बाद फिर से आयोजित करानी पडेगी उप चुनाव की प्रक्रिया

# पंच बनने की अब नहीं रुचि, उप चुनाव के बाद भी ग्राम पंचायतों में खाली रह जाएंगे 146 पंचों के पद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

पंचायती राज यानी गांव की सरकार में सबसे निचले स्तर पर पंच के पद पर होने वाले चुनाव से अब लोग दूरी बनाते जा रहे है। पहले ग्राम पंचायतों में पंच का चुनाव लडने के लिए ग्रामीणों में जो रूचि दिखाई पडती थी, वह रूचि अब गायब दिख रही है। भलेही प्रशासन की ओर से इन दिनों जिले की ग्राम पंचायतों में पंचो के रिक्त बने पदों को भरने के लिए उप चुनाव कराया जा रहा है,लेकिन ग्रामीण पंच का चुनाव लडने के लिए कोई रूचि ही नहीं दिखा रहे है। यही वजह है कि जिले की ग्राम पंचायतों में उप चुनाव होने के बाद भी पंचो के 146 पद खाली के खाली रह जाएंगे। जिन्हें भरने के लिए प्रशासन को अगले छह माह बाद फिर से पंचों के पदो के भरने के लिए उप चुनाव कराने की माथापच्ची करनी पडेगी।

यहां बता दें कि इन दिनों ग्राम पंचायतों में रिक्त बने जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच और पंचो के पदों को भरने के लिए त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन की कार्रवाई की जा रही है। श्योपुर जिले में खाली बने एक जिला पंचायत सदस्य, दो ग्राम पंचायतों के सरपंच पद तथा 146 पंचो के पदों को भरने के लिए आगामी 29 दिसंबर को ग्राम पंचायतों में वोटिंग कराई जाएगी। जिसकी तैयारियां में प्रशासनिक अमला जुटा हुआ नजर आ रहा है। वार्ड क्रमांक 01 का जिला पंचायत सदस्य बनने के लिए 20 लोगों के द्वारा नामांकन दाखिल किए गए थे, जिनमें से एक नामांकन निरस्त हो गया और तीन दावेदारों ने नामांकन वापस खींच लिया था,इसलिए, जिला पंचायत सदस्य पद के लिए, 16 दावेदार चुनाव लड रहे है। जबकि ग्राम पंचायत नागदा और बैचाई में सरपंच बनने के लिए 9 दावेदारों ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन 3 दावेदारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया था,इसलिए अब नागदा में 03 तथा बैचाई में 03 सहित कुल 6 दावेदार सरपंच पद के लिए मैदान में रह गए है।



### चुनाव प्रक्रिया की जटिलता

पंच का चुनाव लड़ने के लिए आवेदक इस कारण भी रुचि नहीं दिखाते है कि चुनाव प्रक्रिया जटिल रहती है। प्रमुख रूप से शपथ पत्र बनवाने से लेकर अन्य कागजी कार्रवाई पूर्ण कराने में दो से तीन हजार रुपए तक का खर्च आता है। इसके अलावा मध्य प्रदेश विद्युत मंडल का नोड्यू लेने के लिए बिजली बिल भरना पड़ता है और ग्राम पंचायत के अतिक्रमण व अन्य टैक्स की बकाया राशि का भी नोड्यूज लेना पड़ता है और फिर पंच बनने से कोई खास फायदा भी मिलता नजर नहीं आता है, जिस कारण से ग्रामीण पंचो का चुनाव लड़ने से दूरी बना लेते है।

### पंचों के लिए आए थे 8 नामांकन,जांच में सभी हो गए निरस्त

प्रशासनिक अधिकारियों की माने तो जिले की ग्राम पंचायतो में रिक्त बने 146 पंच पदो के लिए 8 लोगों के द्वारा नामांकन दाखिल किए गए थे,लेकिन जांच के दौरान आठो के आठो नामांकन निरस्त हो गए। क्योकि पंच पद के नामांकन फार्मो के साथ बिजली विभाग का नोड्यूज नहीं लगाया था। इसलिए सभी पंचो के नामांकन निरस्त कर दिए गए। इसलिए पंचो के 146 पद खाली के खाली रह गए है,इनमें जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायतों में 36, जनपद पंचायत विजयपुर की ग्राम पंचायतों में 30 तथा कराहल जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों में 80 पंचो के रिक्त पद शामिल है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायतो में उप चुनाव के लिए 29 दिसंबर को मतदान सम्पन्न कराया जाएगा, इसके लिए तैयारियां चल रही है। पंच पदो के लिए कोई वैद्य नामांकन नहीं आया है,इसलिए पंचो के 146 खाली रह गए है।

**संजय जैन**
**उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्योपुर**

# कॉलेज प्रोफेसरों ने ली स्कूली बच्चों की क्लास, प्रश्न उत्तर में जिज्ञासा की शांत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर



कॉलेज चलो अभियान के तहत गर्ल्स कॉलेज के प्रोफेसरों का दल बुधवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पहुंचा जहां उन्होंने स्कूली बच्चों की क्लास लेकर उनका मार्गदर्शन किया और प्रश्नों के बारे में जिज्ञासा शांत की।

शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय, श्योपुर द्वारा कॉलेज चलो अभियान के तहत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, श्योपुर में भ्रमण कर छात्र-छात्राओं को इस अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा कार्यक्रम नोडल अधिकारी ने विद्यार्थियों को इस हेतु ऑनलाइन प्रवेश एवं एनईपी- 2020 के अन्तर्गत विषय चयन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। टीम संयोजक एवं समस्त सदस्यों ने शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय में विभाग द्वारा संचालित 2 विशेष विषयों भू-गर्भ शास्त्र व सांख्यिकी, के साथ-साथ सभी पाठ्यक्रमों, शासन की विभिन्न योजनाओं, कौशल व व्यक्तित्व विकास सम्बन्धी कार्यक्रमों, प्रतियोगी परीक्षाओं व जॉब सम्बन्धी मार्गदर्शन के लिए संचालित स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ, , इकाई व महाविद्यालय में उपलब्ध महत्वपूर्ण संसाधनों व अन्य जानकारी से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। अभियान रूपी इस कार्यक्रम के अन्त में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन एवं जॉब सम्बन्धी पूछे गए प्रश्नों के जवाब देकर सम्पूर्ण टीम ने उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। अभियान के दल में आज वेदांकी खण्डेलवाल, डॉ मीनाक्षी सक्सेना, अनिल तोमर एवं डॉ. दीपक शर्मा शामिल रहे।

### उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें:अपर कलेक्टर



श्योपुर।उपभोक्ता सदैव अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। उपभोक्ता अधिनियम के तहत वस्तुओं एवं अन्य सामग्री के क्रय-विक्रय से संबंधित नियम बनाये गये है। जिसके तहत उपभोक्ताओं को कानूनी अधिकार दिये गये है। यह बात अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। खाद्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, उपभोक्ता फोरम की सदस्य संगीता बंसल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन सहित अन्य विभागो के अधिकारी, गैस एजेन्सियों के प्रतिनिधि, उपभोक्ता आदि उपस्थित रहें। प्रभारी अधिकारी फूड एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत अब नये नियम लागू किये गये है, जिसमें उपभोक्ताओं को यह सुविधा प्रदान की गई है कि वस्तु कही से भी खरीदी हो यदि आपके साथ धोखाधडी हुई है तो, आप अपने निवास क्षेत्र अथवा कार्यक्षेत्र स्थित उपभोक्ता फोरम में अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धमेन्द्र जैन द्वारा टोलफ्री नंबर 1800112100 के बारे में बताया कि कोई भी उपभोक्ता इस नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। साथ ही उन्होने कहा कि पैकेज्ड खाद्य पदार्थो की खरीदी के समय एक्सपायरी डेट आवश्यक रूप से चैक करें, खाद्य पदार्थों में मिलावटी शिकायत खाद्य सुरक्षा विभाग सीएमएचओ कार्यालय में की जा सकती है।

### वरिष्ठ जनों को मंच पर आसीन कर स्वयं नीचे बैठे मंडल अध्यक्ष

# अटल स्मृति पर्व पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं को शॉल और श्रीफल से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल जी की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा के द्वारा होटल सिद्धिविनायक में अटल स्मृति पर्व कार्यक्रम का आयोजन कर अटल जी को याद किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर अभ्युदय मध्य प्रदेश की चर्चा के साथ ही बीएलए-2 के साथ ही मतदाता पुनरक्षण के संबंध में बैठक आयोजित की। विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में वरिष्ठ भाजपा नेता विजय हुरकट, करोड़ी यादव, रमेश जड़िया, राजेंद्र यादव पुरा, राजेंद्र सिंह सेमरखेड़ी, सुरेंद्र सिंह बीरमखेड़ी, रतन सिंह यादव, साहब राज यादव आदि वरिष्ठ नेताओं का अटल जी जयंती के उपलक्ष में शाल श्रीफल से सम्मान किया गया और सभी मंडल अध्यक्षों ने वरिष्ठ जनों को मंच पर आसीन कर स्वयं नीचे बैठे और अटल जी को आत्मसात किया साथ ही संदेश दिया कि जिन्होंने पार्टी के लिए अपने खून पसीने से सीच कर यहां तक पहुंचाया है वह हमारे लिए सर्वोपरि है।




कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने अटल स्मृति पर्व पर आए हुए वरिष्ठ नेतृत्व जिनमें से अधिकांश ने अटल जी के साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ऐसे वरिष्ठ नेतृत्व का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक निर्मला सप्रे ने मध्य प्रदेश सरकार के सफलतम 2 वर्ष की उपलब्धियां को कार्यकर्ताओं के बीच रखा। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सीरोठिया ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक धरमू राय ने अटल जी के साथ किए कामों को साझा किया। पूर्व विधायक विनोद पंथी ने अटल जी की स्मृति में साल भर कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही। नपा अध्यक्ष लता सकवार ने नगर पालिका की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी। वही जनपद अध्यक्ष उषा राय ने शासन की योजनाओ से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आलेख राय एवं मंत्री प्रदीप तिवारी ने किया। आभार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने माना। इसमें शशि कैथोरिया, पूर्व नपा अध्यक्ष नीतू राय, खिमलासा मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह, मंडलाध्यक्ष पवन यादव, मंडीबामोरा मंडल अध्यक्ष विशाल कुर्मी, सचिन समैया, मनोज शर्मा, जितेंद्र बोहरे, मंजू अहिरवार, संतोष ठाकुर, डॉ. नरेंद्र सिंह ठाकुर, अजय सिंह ठाकुर, संजय सिंह ठाकुर, शुभम तिवारी, नंदकिशोर चौधरी, हरिओम चौबे, रमाकांत बिलगैयाँ, गोरी राय, ज्योति सराफ, मंजू बुंदेला, सोनाली राय, बलराम राय, विजय लखेरा, प्रहलाद यादव, राकेश सेन, वीरेंद्र भदौरिया, कृष्णा कुशवाहा उपस्थित थे।

### ब्यूटीशियन ने छात्राओं को दी त्वचा के सौंदर्यकरण लिए थ्रेडिंग

## गर्ल्स कॉलेज में चल रहा 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण ब्यूटी पार्लर विधा पर कराया जा रहा है।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने कहा ब्यूटी पार्लर विधा स्वरोजगार के लिए श्रेष्ठ चयन है। डॉ रश्मि जैन प्रभारी कॅरियर प्रकोष्ठ ने कहा ब्यूटी पार्लर विधा का प्रशिक्षण समय की मांग है। यह प्रशिक्षण आत्म निर्भरता के क्षेत्र में स्थापित होने की पूर्व तैयारी है। ब्यूटीशियन पूजा माली ने बताया कि ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्राओं को त्वचा के सौंदर्यकरण लिए थ्रेडिंग एवं ब्लीचिंग का प्रशिक्षण दिया गया। थ्रेडिंग सूती धागे के द्वारा भौंह के अनावश्यक बालों को बड़े ही आसान तरीके से हटाकर सुंदर किए जाते है, यह प्रक्रिया सस्ती होती है। ब्लीच त्वचा के काले धब्बों को हटाने के लिए उपयोगी है। त्वचा को निखारने और मुलायम करने के लिए सबसे आसान तरीका ब्लीच है। यह सौंदर्य उपचार छात्राओं के लिए उपयोगी एवं स्वरोजगार क्षेत्र में पहचान बनाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसमें शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर (अग्रणी महाविद्यालय ) से डॉ सरोज गुप्ता, प्राचार्य डॉ इमराना सिद्धीकी एवं डॉ विनय शर्मा की टीम ने भी अवलोकन किया। डॉ उमा लावनिया, मृणालिनी मिश्रा, मनीता राजपूत, कीर्ति ठाकुर, पूजा रजक, रंजना पंथी आदि उपस्थित थे।

## विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष बने अजय यादव

**बीना।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक नरसिंह मंदिर पर जिला अध्यक्ष सुनील सिरोठिया के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई एवं बीना नगर की नवीन कार्यकारणी घोषित की गई। जिसमें विश्व हिंदू परिषद से नगर अध्यक्ष अजय यादव एवं नगर मंत्री शुभम नामदेव (भाऊ विहिप), बजरंग दल से नगर संयोजक अभिषेक सेन, नगर संयोजक यशवंत कुर्मी, विशेष संपर्क प्रमुख प्रियंक गुलाटी, नगर विद्यार्थी प्रमुख वैभव श्रीवास्तव, नगर बालोपासना प्रमुख लकी विश्वकर्मा, नगर सह विद्यार्थी प्रमुख शुभ सेन, नगर प्रचार




प्रसार प्रमुख जतिन रजक, खिरिया वार्ड अध्यक्ष दीपू विश्वकर्मा, गणेश वार्ड अध्यक्ष निक्की रजक, कार्यकारणी सदस्य मयंक रजक एवं गोविंद सेन को बनाया। इसमें मुख्य रूप से जिला मंत्री शिवम पाठक, प्रचार प्रसार प्रमुख राकेश जैन, नगर संयोजिका मातृशक्ति रागिनी श्रीवास्तव एवं समस्त विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारी सदस्य कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

## भगवान को पहचानने उस दिव्य दृष्टि की आवश्यकता जो श्रीकृष्ण ने युद्ध के मैदान में अर्जुन को प्रदान की: साध्वी भाग्यश्री भारती

**बीना।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस साध्वी भाग्यश्री भारती ने कथा के माध्यम से बताया कि शिशुपाल भगवान श्रीकृष्ण को पहचान नहीं पाया उनके सामने उपस्थित होने पर भी उनकी लीलाओं की चर्चा सुनने के बाद भी अनेकों भक्तों का उनके प्रति आदर भाव देखने सुनने के बाद भी। केवल शिशुपाल ही नहीं बल्कि उस समय के अनेकों राजा भी भगवान श्रीकृष्ण को पहचान नहीं पाये तो क्या यदि आज भगवान हमारे सामने आ जाते तो हम भगवान को पहचान लेंगे? हमारे पास भगवान को पहचानने का क्या आधार होगा क्या उनकी




बाहरी वेश भूषा? यदि हम ऐसा सोचते हैं तो इसका मतलब अभी तक हमने अपने धार्मिक ग्रंथों का सही ढंग से अध्ययन ही नहीं किया। क्योंकि बाहरी वेश भूषा तो कोई भी धारण कर सकता है। इसलिए भगवान को पहचानने के लिए आवश्यकता है उस दिव्य दृष्टि की जो दिव्य दृष्टि भगवान श्रीकृष्ण ने युद्ध के मैदान में अर्जुन को प्रदान की थी। भक्त प्रह्लाद प्रसंग सुनाते हुए साध्वी ने बताया कि भक्त प्रह्लाद के जीवन में अनेकों ही संकट आए। लेकिन वह अपने भक्ति पथ से विचलित नहीं हुए, क्योंकि उनका अपने श्री हरि पर अपने नारायण पर पूर्ण विश्वास था। यदि हम भी चाहते हैं कि हमारा भी विश्वास भक्त प्रह्लाद की भांति हो तो हमें भी आवश्यकता है उस ईश्वर को जानने की। आगे कथा सुनाते हुए साध्वी ने बताया कि भक्त प्रह्लाद के भीतर जो अद्भुत भक्ति बल था उसके पीछे की कही न कही उनकी मां के द्वारा दिए गए संस्कार थे, जिसने उन्हें एक महान भक्त बना दिया। इसलिए यह एक मां पर ही निर्भर करता है कि वह अपनी संतान को किस सांचे में ढालना चाहती है।

## ग्रामीण शिक्षा को मिली नई रफ्तार: सलैया डामरौन विद्यालय में साइकिल वितरण से विद्यार्थियों के सपनों को मिले नए पंख

**दिनारा।** ग्राम सलैया डामरौन ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय सलैया डामरौन में साइकिल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम पूरे उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक वातावरण के बीच संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच अजब सिंह जाटव रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि शासन की यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। विशेषकर बालिकाओं के लिए यह योजना शिक्षा की




निरंतरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से बच्चों की विद्यालय तक पहुंच आसान होगी, समय की बचत होगी और वे पूरी लगन के साथ पढ़ाई कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम और नियमित अध्ययन को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष उदय सिंह जाटव ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सलैया डामरौन विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साइकिल वितरण जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाते हैं और अभिभावकों का विद्यालय के प्रति विश्वास मजबूत करते हैं। उन्होंने इस योजना को सामाजिक और शैक्षणिक विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार जाटव ने अपने संबोधन में कहा कि साइकिल वितरण योजना का मुख्य उद्देश्य दूरदराज के गांवों से आने वाले विद्यार्थियों की दैनिक समस्याओं को दूर करना है। उन्होंने बताया कि पहले कई छात्र-छात्राओं को लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती थी, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति प्रभावित होती थी। अब साइकिल मिलने से उनकी उपस्थिति में सुधार होगा और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

## करैरा विधायक रमेश खटीक के प्रयासों से दिनारा के युवाओं को मिलेगा खेल मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दिनारा

करैरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दिनारा क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। वर्षों से खेल मैदान की कमी से जूझ रहे दिनारा के युवाओं का सपना अब साकार होने जा रहा है।

करैरा विधायक रमेश खटीक द्वारा खेल मैदान के निर्माण का निर्णय लिया जाना क्षेत्र की जनता के लिए एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम माना जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक दिनारा में युवाओं के लिए कोई समुचित खेल मैदान उपलब्ध नहीं था। यह समस्या लंबे समय से युवाओं और आम जनता के लिए



परेशानी बनी हुई थी। खेल सुविधाओं के अभाव में प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ पा रही थीं, लेकिन विधायक के इस फैसले ने नई उम्मीद जगा दी है।युवाओं में इस निर्णय को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उनका मानना है कि खेल मैदान बनने से न केवल खेल प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलेगा, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा भी मिलेगी।

स्थानीय नागरिकों ने इसे जनहित में लिया गया बड़ा निर्णय बताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक खेल मैदान नहीं, बल्कि दिनारा के भविष्य को मजबूत करने की नींव है। क्षेत्रवासियों ने विधायक रमेश खटीक का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में भी इसी तरह के विकास कार्य होते रहेंगे और दिनारा नई पहचान बनाएगा।

### प्रताड़ना से दबाव में आए किसान ने की आत्महत्या करैरा पुलिस ने तीन आरोपी गिरफ्तार किए

## 35 हजार नकद और 10 फीट जमीन लेने के बाद भी तीन लाख की डिमांड




**करैरा।** थाना करैरा क्षेत्र के ग्राम टोकनपुर में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वर्ष 2019 के एक एक्सीडेंट प्रकरण को लेकर लगातार पैसों के दबाव से परेशान एक किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी। मामले में करैरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। फरियादी बृजेश जाटव ने पुलिस को बताया कि 21 दिसंबर की रात खाना खाने के बाद वह और उसके पिता सो गए थे। 22 दिसंबर की सुबह खेत पर पानी देने गए तो उसके पिता सुल्लू जाटव नीम के पेड़ से फांसी पर लटके मिले। जांच में सामने आया कि गांव के ही लक्ष्मी जाटव, राजेन्द्र जाटव और उसके बेटे आशिक जाटव द्वारा एक्सीडेंट के नाम पर 3 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। मृतक ने पहले ही 10 फीट जमीन और 35 हजार रुपये नगद दे दिए थे, इसके बावजूद लगातार प्रताड़ना जारी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का अपराध दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर करैरा थाना टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी करैरा निरी० विनोद छावई, उनि पुष्पेन्द्र सिहं चौहान, उनि. अंजली सिंह, आर जितेन्द्र कुमार, आर० राधेश्याम जादौन, आर. मनीष कोरी, आर. मुकेश कुमार टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### टूर्नामेंट का शुभारंभ नगरीय प्रशासन मंत्री ने किया, पहला मैच 7 विकेट से विदिशा ने जीता

## बीना कप टूर्नामेंट में आकर पुरानी यादें ताजा हो गईं: कैलाश विजयवर्गीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

पंडित राकेश सिरोठिया की स्मृति में आयोजित बीना कप 2025 -2026 का भव्य शुभारंभ बुधवार को नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने फीता काटकर किया। साथ ही खेल मैदान पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। खेल मैदान पर संरक्षक बीना क्रिकेट क्लब गौरव सिरोठिया ने बॉलिंग की एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बल्लेबाजी करते हुए शॉट लगाया।




टूर्नामेंट उद्घाटन के पश्चात मंत्री विजयवर्गीय ने समस्त अतिथियों सहित उनके मित्र पंडित स्वर्गीय राकेश सिरोठिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उद्घाटन समारोह में आयोजक एवं संरक्षक गौरव सिरोठिया ने अपने संबोधन में टूर्नामेंट की आवश्यकता एवं महत्व पर जोर देते हुए कहा क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है बल्कि यह एक ऐसा मंच है जहां नई प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलता है, जिससे देश में खिलाड़ियों का नाम रोशन होगा। यह खेल टूर्नामेंट विगत 21 वर्षों से चला आ रहा है एवं मेरा प्रयास है आप सभी के सहयोग से हम ऐसे ही इसे निरंतर चलाते रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सिरोठिया परिवार से मेरे आत्मीय संबंध है। मैं जब पहले टूर्नामेंट में आता था तब भी मेरे प्रिय मित्र राकेश सिरोठिया द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता था जो प्रथा उनके पुत्र गौरव सिरोठिया ने निरंतर गतिमान है और इस टूर्नामेंट का स्वरूप पहले से वृहद और सुंदर हो गया है। ये भी हर्ष का विषय है, आज भी बीना में जो मुझे स्नेह और अपनत्व का भाव प्राप्त हुआ उसके लिए में आप सभी का आभारी हूं और जब जब आप बुलाएंगे में इसी अपनत्व के भाव से जरूर आऊंगा।

हम अपने शहर के युवाओं के लिए इस तरह के खेल आयोजनों का समर्थन करते है, यह टूर्नामेंट स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा और शहर के खेल माहौल को नई दिशा देगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमें अपनी पूरी मेहनत और कौशल के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिससे क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। इस क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर शहर में भारी उत्साह और जोश देखा जा रहा है, और यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बन गया है।

इस अवसर पर सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, बीना विधायक निर्मला सप्रे जी, सागर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, पूर्व विधायक खुरई अरुणोदय चौबे, पूर्व विधायक डॉ विनोद पंथी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शशि कैथोरिया, ज्योति दुबे, वरिष्ठ नेता विजय हुरकट, करोड़ी लाल यादव, रमेश जड़ियां, कुंवर सिंह ठाकुर, सुनील समैया, राकेश बिलगैया सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पहला मैच विदिशा-बीना के बीच खेला गया-**

टूर्नामेंट का पहला मैच विदिशा और बेस्ट सेंट्रल रेलवे बीना के बीच हुआ। जिसमें टॉस बेस्ट सेंट्रल रेलवे ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए खिलाड़ी बने 10 ओवर में 87 रन बनाए। विदिशा ने 7 वें ओवर में चेस करते हुए 88 रन बनाए और 7 विकेट से पहला मैच जीता। विदिशा टीम में साजिद ने 54 रन बनाए, जो मैन ऑफ़ द मैच साजिद रहे।